नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref. 71/2021

Dt- 04-02-2021

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

mukesh
08-02-021

नगर विकास एवं आवास विभाग
प्राप्ति शाखा

विषयः– मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर नगर पंचायत में पथ एवं पुलिया निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधा मद अंतर्गत स्वीकृत योजना में अवशेष राशि (आवंटन) उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2017–18 में पथ एवं पुलिया निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित मद में क्रम सं0 52 में अंकित योजना "आर. डब्लयू. डी. सड़क से (लाल पटवा गाछी) भाया बेलाराही होते हुए चन्द्रमोहन दास के घर तक पी. सी. सी. सड़क निर्माण कार्य" में एकरारनामा कर संवेदक द्वारा कार्य कराया जा रहा हैं। व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र संबंधित कार्यालय को समर्पित किया जा चुका है।

उक्त योजना की अवशेष राशि उपलब्ध कराने के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, झंझारपुर द्वारा पत्रांक 220, दिनांक 17.03.2020 के माध्यम से सरकार के विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को पत्र प्रेषित भी किया गया है। (पत्र संलग्न)

अतः अनुरोध है कि संलग्न प्रपत्र के आलोक में अवशेष राशि (आवंटन) उपलब्ध कराने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 4.2.21

(संलग्नः– पत्रांक 220, दिनांकः–17.03.2020 की छायाप्रति)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in